卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 28 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦4 नवम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# नेपाल में भूकंप से तबाही, 132 की मौत

## सैकड़ों लोग घायल, इमारतें ध्वस्त, सड़कों पर भी पड़ी दरार

काठमांडू (उद संवाददाता)। भारत और नेपाल के कई हिस्सों में शुक्रवार देर रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेपाल में भीषण भूकंप की वजह से अब तक 132लोगों की मौत हो चुकी है जबकि सैकड़ों लोग घायल हैं। भूकंप के तीव्र झटके की वजह से नेपाल में कई मकान जमींदोज हो गए। सड़कों में दरारें आ गईं। मृतकों की संख्या और बढ़ने का अनुमान है। जानकारी के अनुसार नेपाल में शुक्रवार की रात 11:47 मिनट 12:08, 12:29 और 12:35 मिनट पर 6.4, 4.8, 4.2 और 4.3 तीव्रता के 4 भूकंप के झटके आए। नेपाल में आए इस भूकंप का केंद्र जाजरकोट के (शेष पृष्ठ सात पर)





## उत्तराखण्ड में भी डोली धरती

देहरादून/रूद्रपुर। शुक्रवार की रात भूकंप से उत्तराखंड की धरती और पहाड़ भी डोल गये। भूकंप के झटकों से लोग सहम गये। भूकंप का केंद्र नेपाल रहा। इसलिए सीमावर्ती पिथौरागढ़ के इलाके में भूकंप से कंपन अधिक महसूस किया गया। गढ़वाल से लेकर कुमाऊं तक सभी जिलों में भूकंप के झटके महसूस किये गये। यहां भूकंप की तीव्रता 6 के आसपास बताई जा रही है। भूकंप के तीव्र झटकों से शुक्रवार देर रात करीब 11.30 बजे लोग सहम गए। उधम सिंह नगर व हल्द्वानी में तो लोग घरों से बाहर निकल गए। कुमाऊं में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.4 रही। रूद्रपुर, हल्द्वानी, अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़ में घरों में रखे सामान तक हिलने लगे। छत पर लगे पंखों में भी तीव्र कंपन दिखी। देर रात भूकंप के बाद तमाम लोग सड़कों पर नजर आए। सभी को यही आशंका सता रही थी कि कहीं फिर भूकंप न आ जाये।

KJ KUMAON JEWELLERS
TRUSTED TRADE
100% Hallmarked HUID Jewellery Showroom
50% Off On Making Charges
Bhotia Parao, Near Taxi Stand Nainital Road, Haldwani
Unchapul, Near Devashray Colony, Haldwani
Opp. P.A.C. Gate No. 2 Near ICICI Bank Rudrapur (U.S Nagar) Uttarakhand
Near Soban Singh Jeena Base Hospital, Haldwani Uttaranchal Trade Centre, Tikonia, Haldwani
Ph.: 9759290502, 8791172502
E-mail.: verma.sanjeev9759@gmail.com



# गृह क्लेश के चलते टैक्सी चालक ने जहर खाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पारिवारिक कारणों के चलते एक टैक्सी चालक ने जहरखाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि 40 वर्षीय सुनील शर्मा पुत्र विधा सागर निवासी संजयनगर खेड़ा ने शुक्रवार शाम को कोई जहरीले



पदार्थ का सेवन कर लिया था। परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां उपचार कराने के बाद चिकित्सक ने उसे कहीं और जगह पर ले जाने की सलाह दी। लेकिन परिवार के लोग उसे घर ले आए। इसी बीच परिवार के किसी सदस्य ने 112 पर पुलिस घटना की सूचना दी। (शेष पृष्ठ सात पर)

# आठ लाख की चरस सहित अन्तर्राष्ट्रीय तस्कर पकड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने नशा तस्करों के खिलाफ बढ़ी कार्रवाई करते हुए एक अन्तर्राष्ट्रीय नशा तस्कर को एक किलो 616 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में आठ लाख रूपये बताई जा रही है। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि राज्य में बढ़ते नशे की प्रवृति की रोकथाम हेतु मुख्यमंत्री के उत्तराखंड में ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत सीओ एसटीएफ कुमाऊँ सुमित पांडे एवं प्रभारी निरीक्षक एएनटीएफ पावन स्वरूप के नेतृत्व में एएनटीएफ टीम द्वारा कल शाम को पुलिस एवं एसओजी टीम के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए जनपद पिथौरागढ़ के थाना मुनस्यारी क्षेत्रअंतर्गत एक अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्कर उत्तम सिंह पुत्र नारायण सिंह निवासी साईपोलो थाना मुनस्यारी जनपद पिथौरागढ़ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 1 किलो 616 ग्राम अवैध चरस बरामद की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त पिछले कई सालों से उत्तराखंड में चरस की सप्लाई कर रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया गया कि वह यह चरस अपने गांव में ही भांग की खेती कर पौधों से निकालकर उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्र में बेचने जा रहा था। टीम एवं स्थानीय एसओजी टीम द्वारा अभियुक्त को मदकोट रोड मुनस्यारी से गिरफ्तार कर लिया गया। एसएसपी एसटीएफ श्री अग्रवाल ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध थाना मुनस्यारी, पिथौरागढ़ में एनडीपीएस की धाराओं में अभियोग पंजाकृत कराया गया है। उन्होंने बताया कि कुमाऊं यूनिट द्वारा (शेष पृष्ठ सात पर)



# घर से बाईक, नगदी और जेवरात चोरी


रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिनों आदर्श कालोनी में अज्ञात चोरों ने एक घर से बाईक सहित जेवर व हजारों की नगदी आदि सामान चोरी कर लिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में धर्मवीर प्रजापति पुत्र स्व. तारा चन्द निवासी आदर्श कॉलोनी, निकट नीलकण्ड मन्दिर वार्ड 30, ने कहा है कि 28 अक्टूबर की रात्रि अज्ञात चोर गेट की रस्सी काटकर घर में घुस गये। उन्होंने उसकी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एएच3835, लैपटॉप, आईफोन, स्मार्ट घड़ी, दो जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी सोने की झुमके, एक हैडफोन एवं 20 हजार रूपये और जरूरी कागजात जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड भी अपने साथ ले (शेष पृष्ठ सात पर)

# पुलिस से उलझ रहा फर्जी फौजी गिरफ्तार

रुड़की(उद ब्यूरो)। पुलिसकर्मियों से भिड़ रहे एक फर्जी फौजी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित के पास से सेना का फर्जी आई कार्ड, कैंटीन कार्ड, सेना के अन्य दस्तावेज एवं सूबेदार रैंक के स्टार, सेना की वर्दी आदि मिली है। आर्मी इंटेलिजेंस के अधिकारियों को सूचना मिली कि रुड़की कचहरी में पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के बाहर एक व्यक्ति खुद को फौजी बताकर पुलिसकर्मियों से उलझ रहा है। इस पर इंटेलिजेंस के अधिकारी, बंगाल इंजीनियरिंग ग्रुप सेंटर (बीईजी) से सेना पुलिस एवं सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। इंटेलीजेंस के अधिकारियों को व्यक्ति की हरकत देख उस पर कुछ शक हुआ। इस पर पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ की। तलाशी लेने पर उसके पास से सेना की कैंटीन का कार्ड, आई कार्ड आदि फर्जी मिला। तलाशी लेने पर उसके बैग से सूबेदार रैंक के स्टार, एक 22 लाख का चेक, सेना के छुट्टी संबंधित दस्तावेज एवं एक वर्दी भी मिली। उससे पूछताछ की गई तो आरोपित पहले तो इधर-उधर की बात करता रहा। जब सख्ती से पूछताछ की गई तो आरोपित ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के गागलहेड़ी थाना क्षेत्र के आभा गांव का रहने वाला है। उसका नाम आदेश कुमार है। वह गागलहेड़ी सहारनपुर की एक फाइनेंस कंपनी में काम करता है। सेना के आइकार्ड से (शेष पृष्ठ सात पर)



ੴ "ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕਾ ਖਾਲਸਾ" "ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫਤਿਹ"
जेहा चिरी ने तेहा हुकमु कामः लिखा। घले अवह नानका सादे उजाह जह।।



बड़े दुख से सूचित किया जाता है कि हमारे आदरणीय संरक्षक
**स. हरचरन सिंह जी**
का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 29 अक्तूबर को हो गया है। उनकी आत्मा की शांति के लिए रखे गए श्री अखंड पाठ साहिब का भोग दिनांक **06/11/2023 दिन सोमवार** को गुरद्वारा दूध वाला कुआं पर पड़ेगा। आप सभी उनकी अंतिम अरदास में शामिल होने की कृपालता करें।

'kfuokj 4 uoEcj 2023
आरंभ श्री अखण्ड पाठ साहिब- प्रातः 10.00 बजे
I keokj 06] uoEcj 2023
भोग अखण्ड पाठ साहिब- प्रातः 09.30 बजे
कीर्तन- प्रातः 09.30 से प्रातः 10.30 बजे
कीर्तन गुरबानी- प्रातः 10.30 बजे से प्रातः 11.30 बजे तक
कथा - प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक
गुरू का लंगर- दोपहर 12.30 बजे से

**द्वारा-जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह**
डेरा कार सेवा श्री नानकमत्ता साहिब और समस्त वीर परिवार

**दुखित परिवारः**
सुखबीर सिंह वीर सुक्खू (पुत्र)
दलवीर सिंह वीर बिट्टू (पुत्र)





# जीएसटी चोरी करने वालों पर करें सख्त कार्यवाही: डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राजस्व संग्रह में वृद्धि हेतु सभी विभाग अपने-अपने स्तर से अभिनव पहल करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने शुक्रवार को जिला कार्यालय सभागार में राजस्व संवर्धन हेतु विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी विभागीय अधिकारी राजस्व संग्रह में वृद्धि हेतु अपने अपने स्तर से नवाचार पहल करना सुनिश्चि करें। जिलाधिकारी ने भू-राजस्व, स्टांप देय, आबकारी, व्यापार कर, परिवहन, विद्युत देय, वानिकी एवं खनन की राजस्व वसूली की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने व्यापार कर अधिकारी को निर्देश दिये कि वे जीएसटी के डिफाल्टरों, जीएसटी चोरी करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं के लिए निर्देश दिये कि वे ठेकेदार का भुगतान करने से पहले फर्म का जीएसटी रिटर्न लेना सुनिश्चित करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके



कि फर्म द्वारा सरकारी धनराशि जमा कर दी गई है। जिलाधिकारी ने खनन विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि कम से कम 15 ऐंसी बड़ी फर्म चिन्हित की जायें जिनकी आरसी कटी हुई है और वे राजस्व जमा नहीं कर रहे हैं तथा भण्डारण व स्टोन क्रेशर का संचालन कर रहें हैं ताकि उनके खिलाफ सख्ती से कार्यवाही अमल में लाई जा सके। उन्होंने राज्यकर, परिवहन, आबकारी तथा खनन विभाग के अधिकारियों को नवीनतक तकनीकि का उपयोग करने तथा सूचनाओं का आदान-प्रदान तेजी से करने के निर्देश दिये। उन्होंने जल संस्थान के अभियंताओं को शहरी क्षेत्रों में पेयजल कनैक्शन बढ़ाने तथा प्रतिमाह प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डे, उप निदेशक खनन दिनेश कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत विजय सकारिया, सहायक आयुक्त स्टाम्प सुधांशु कुमार त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पाण्डे आदि उपस्थित थे।

# सुख और वैभव प्रदान करते हैं कार्तिक स्नान व एकादशी व्रत

गदरपुर (उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में कार्तिक मास की कथा के अष्टम दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने बताया कि कार्तिक स्नान व एकादशी व्रत दोनों संसार में सुख, वैभव व अंत में मुक्ति देने वाले हैं, जो मनुष्य कार्तिक मास में प्रात: काल के समय स्नान करते हैं वह बड़े से बड़े पापों से भी मुक्त होकर पूज्य माने जाते हैं, जो लोग कार्तिक में स्नान, जागरण, दीपदान तथा तुलसी वृक्ष की रक्षा करते हैं वे विष्णु के समान पूजे जाते हैं। कथा श्रवण करने हेतु काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे। प्रथम दिन की फेरी श्री सनातन धर्म सभा के ऑडिटर अशोक भुड्डी के निवास स्थान ज्ञान विहार गई। प्रसाद की सेवा श्री सनातन धर्म सभा के उपाध्यक्ष जगमोहन बजाज एवं श्रीमती सुनीता बजाज के परिवार द्वारा अपनी पोती काशवी पुत्री अरुण बजाज के जन्मदिन की खुशी में एवं सदानंद प्रसाद के परिवार द्वारा अपने बेटे एवं पुत्रवधु की प्रथम वैवाहिक वर्षगांठ की खुशी में दी गयी।



# दुर्गा स्वीट्स के नए प्रतिष्ठान का शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के दशकों पुराने मिष्ठान प्रतिष्ठान का आज नए स्थान सिविल लाइन में भव्य शुभारंभ हुआ। जिसका उद्धघाटन हल्द्वानी गीता ज्ञान से पधारी पूज्यनीय दीदी जी ने धार्मिक अनुष्ठानों के बीच फीता काटकर किया। उन्होंने प्रतिष्ठान स्वामी श्याम ढींगरा, पूनम ढींगरा, सौरभ ढींगरा, दीपक ढींगरा सहित समस्त परिजनों को बधाई देकर उन्हें शुभ आर्शीवाद दिया। प्रतिष्ठान स्वामी श्याम ढींगरा ने बताया कि नए प्रतिष्ठान में स्वादिष्ट, गुणवत्ता पूर्ण एवं उचित मूल्यों पर अलग अलग स्वादों की मिठाई उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त कोल्ड ड्रिंक्स, बिस्कुट, ड्राई फ्रूट, नमकीन, दीपावली मिठाई के गिफ्ट पैक आदि भी उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि दशकों पूर्व से यह प्रतिष्ठान रोडवेज के सामने राममनोहर लोहिया मार्केट में था। जिसे प्रशासन द्वारा जी 20 सम्मेलन की आड़ में अन्य दुकानों के साथ उजाड़ दिया गया था। उन्होंने बताया कि ईश्वर की कृपा एवं दीदी जी के आर्शीवाद से आज उनके प्रतिष्ठान का पुन: शुभारंभ हुआ है। इस मौके पर पर विधायक राजकुमार ठुकराल, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, आकाश नागपाल, नेहा नागपाल, राजकुमार सीकरी, किशन अरोरा, कृष्ण लाल अरोरा, कौशल्या ढींगरा, अनीता गाबा, मीना कक्कड़, बबीता मेंहदीरत्ता, शशि अरोरा, आशा विरमानी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।




# पड़ोसी ने तोड़ा कार का शीशा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प में अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने पड़ोसी की कार के शीशे तोड़ दिये और नम्बर प्लेट निकाल ले गया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में इन्द्रजीत पाल (एडवोकेट) निवासी बी / 5 ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि उन्होंने अपनी कार संख्या यूके 06 बीएफ 2872 को रोज की भाति 27 अक्टूबर को भी अपने मकान के बाहर खड़ी कर उसमें लॉक लगा दिया था। मध्य रात्रि कार का सेन्सर काफी तेज आवाज में बजने लगा। आवास सुनकर पुत्र के साथ बाहर आये तो देखा कि कार के पीछे वाला तथा कार के पिछले दरवाजे का शीशा टूटा है तथा कार की पीछे साइड वाली नम्बर प्लेट भी गायब थी। कार के अन्दर खून के काफी धब्बे थे। उक्त घटना की अपने घर में लगे सीसीटीवी फुटेज में देखा तो पाया कि घर के पड़ोस में रहने वाला युवक रोशन गुप्ता पुत्र स्व. राम जी प्रसाद गुप्ता हाथ मे नम्बर प्लेट ले जाते हुये दिखायी दिया तथा उसके बाये हाथ पर कटे हुये के निशान भी थे। कार की लगभग 40 से 45 हजार रूपये की क्षति हुई है।

# विधायक चीमा ने किया निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण

काशीपुर(उद संवाददाता)। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा 2 करोड़ की लागत से बाजपुर रोड से शुगर मिल तक बनाई जा रही सड़क का क्षेत्रीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान त्रिलोक सिंह चीमा ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को पश्चिमी वाली नाली को भी बनाने के मौखिक आदेश दिए। विधायक चीमा ने निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारियों को गुणवत्ता में विशेष ध्यान देने के लिए कहा । निरीक्षण के विधायक चीमा पार्षद तेजवीर सिंह चौहान के निवास स्थान पर गए जहां उन्होंने जलपान किया। निरीक्षण के दौरान प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी ,अध्यक्ष रजत सिद्धू, पार्षद मोनू चौधरी ,पूर्व सांसद प्रतिनिधि बिट्टू राणा, पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार गोवर्धन शर्मा आदि मौजूद थे। उधर पार्षद तेजवीर सिंह चौहान के निवास पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा का मनोज राणा, राजेंद्र गिरी ,प्रेम प्रकाश सिंह ,जगदीश उर्फ पुत्न, महेंद्र सिंह चौहान, अजीत बिश्नोई, जितेंद्र बिश्नोई, राजेंद्र पेन्टर ,विजेंदर सिंह,ममता चौहान, पूर्व सभासद दीपा चौहान, ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# हॉस्पिटल के खिलाफ कड़ी कारवाही करने के दिये निर्देश

## मासूम की मौत पर विधायक का पारा चढ़ा



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।प्रीत बिहार क्षेत्र में अवैध रुप से संचालित एक अस्पताल में 6 दिन के मासूम की मौत की सूचना पर विधायक शिव अरोरा ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। इस दौरान विधायक का पारा चढ़ गया। उन्होंने तत्काल ही हॉस्पिटल को सीज करने ओर सीएमओ को जांच के निर्देश दिये। विधायक शिव अरोरा जब मौके पर पहुँचे अस्पताल में कोई डाक्टर भी नहीं मिला। विधायक ने मौके पर देखा मासूम की जिंदगी छीनने वाले अवैध अस्पताल में मरीजों को जानवरों की तरह रखा गया था। छोटे छोटे कमरों में बैडों में कई कई मरीज लेटे हुए मिले। जबकि नाबालिग कंपाउंडर मरीजों की देखभाल में लगा हुआ था। अस्पताल में बिना मानकों के पूरी लापरवाही के साथ चल रहा था। जानकारी मिली कि बिना डॉक्टर के ही अवैध हॉस्पिटल चल रहा है। इसको लेकर विधायक शिव अरोरा गुस्से में आ गये । उन्होंने कहा कि लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करने वालो को किसी भी हाल में बख्शा नही जायेगा। साथ ही इसकी जांच करवा कर इस घटना के पीछे आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी, उन्होंने कहा ऐसे और भी हॉस्पिटल पाये गये तो उनके खिलाफ भी वह स्वास्थ्य विभाग को कार्रवाई करने के निर्देश दिये जायेंगे। विधायक शिव अरोरा ने मृतक शिशु के परिजनों से मिलकर उनको ढांढस बंधाया और हर सम्भव मदद के लिये आश्वस्त किया। परिजनों ने विधायक शिव अरोरा को मामले की जानकारी दी कि अस्पताल में पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है।

# उत्तराखंड की टीम ने मिनी गोल्फ में जीते एक स्वर्ण व दो कांस्य पदक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गोवा में 25 अक्टूबर से 9 नवंबर तक आयोजित हो रहे 37 वे राष्ट्रीय खेल में मिनी गोल्फ में उत्तराखंड की मिनी गोल्फ महिला पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण था दो कांस्य पदक जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। टीम मैनेजर डा. नागेन्द्र शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सिंगल इवेंट महिला वर्ग में कुमारी समृद्धि थपलियाल ने स्वर्ण पदक, डबल्स इवेंट पुरुष वर्ग वर्ग में योगेश पांडे व मयंक सुंदरियाल कांस्य पदक ने कांस्य पदक जीता। वहीं टीम इवेंट्स महिला वर्ग में भी श्वेता भाकुनी, दिया मेहर, पलक व हेमा बिष्ट ने कांस्य पदक जीत देश में प्रदेश का मान बढ़ाया। टीम मैनेजर के रूप में डॉक्टर नागेंद्र शर्मा, हरि सिंह मेहर, अंकुश रौतेला एवं बेबी कौर शामिल थे। प्रदेश के मिनी गोल्फ खिलाड़ियों के राष्ट्रीय खेल में उत्कर्ष प्रदर्शन पर मिनी गोल्फ आफ उत्तराखंड के अध्यक्ष एडवोकेट डीके शर्मा, डॉ. राहुल कुमार, रुद्रपुर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डीसी पंत, खेल अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, डॉ. रूचि शाह ,गिरीश कुमार, डिसेबल स्पोर्टिंग सोसाइटी के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, विजय गिरधर, सुभाष अरोड़ा, आरपी शर्मा, भूपेश दुमका, एवं प्रदेश के विभिन्न खेल संगठन ने बधाइयां दी है।



# हल्द्वानी में 13 स्पा सेंटरों का संचालने बंद करने की संस्तुति

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश के अनुपालन में उनि. दीपा भट्ट, प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल के नेतृत्व में टीम द्वारा नगर क्षेत्र के स्पा सेन्टरों में औचक दबिश व चौकिंग की गई। इस दौरान अरमान पुत्र रईस मियां रेलवे तिराहा काठगोदाम के टूरिस्ट होम गेस्ट हाउस, तथा हिमांशु पुत्र प्रेमराम निवासी अलंकार होटल केमू स्टेशन में रजिस्टरों में अपूर्ण प्रविष्टि पायी गई। मांगे जाने पर कर्मचारियों



द्वारा पहचान पत्र एवं सत्यापन सम्बन्धी विवरण भी प्रस्तुत नहीं किए गए तथा एन्ट्री ग्राहक रजिस्टर में डिटेल कोड अंकित नही की गयी। जिस कारण उपरोक्त गेस्ट हाउस होटल में अनियमितता पाये जाने पर पांच पांच हजार रुपये के नगद चालान किये गये। अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा कुल 5 स्पा व 13 होटलों की चौकिंग की गयी। टीम द्वारा नैनीताल जिले में संचालित 13 स्पा सैंन्टरों का संचालन बन्द कराये जाने हेतु जिलाधिकारी के समक्ष रिर्पोट प्रेषित की गयी है।

# डॉ.उषा नरेंद्र जैन को मिला फीमेल ट्रेनर ऑफ द ईयर का अवार्ड



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डायरेक्ट सेलिंग टुडे पुरस्कार 2023 का आयोजन दिल्ली के डॉ.भीमराव अंबेडकर नेशनल सेंटर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों में शीर्ष चंद्र अग्रवाल पूर्व भारतीय वन सेवा अधिकारी और श्री हेम पांडे पूर्व आईएएस सचिव, उपभोक्ता मामले, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। भारत सरकार की तरफ से डॉ.उषा नरेंद्र जैन को फीमेल ट्रेनर ऑफ द ईयर का खिताब देकर सम्मानित किया। डॉ.उषा नरेंद्र जैन महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति की अध्यक्ष और एनसीडब्लूडीसी की उत्तराखंड प्रेसिडेंट हैं जो पिछले कई सालों से तन-मन धन से सामाजिक कार्यों को कर रही है। विशेषकर महिला सशक्तिकरण का कार्य उनके माध्यम से किया जा रहा है,मेंस्चुअल हाईजीन को लेकर अभी तक हजारों बहन-बेटियों को जागरूक करने का काम कर रही है और पिछले कुछ सालों से डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री के अंदर भी काम कर रही है,जिसमें उनके द्वारा बहुत सारी महिलाओं की स्किल बढ़ाकर आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। जिस तरह आज कल सब तरफ बेरोजगारी मुंह खोले खड़ी है इस विकट समय में वो देश की 50 प्रतिशत आबादी में शामिल महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर काम कर रही है। इन कार्यो के लिए अभी तक डॉ.उषा नरेंद्र जैन को 90 से ज्यादा नेशनल व इंटरनेशनल अवॉर्ड मिल चुके है। डायरेक्ट सेलिंग टुडे ने डॉ.उषा नरेंद्र जैन को शुभकामनाएं दी और कहा कि आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण वास्तव में सराहनीय है और आप आगे भी इसी तरह से इस इंडस्ट्री के माध्यम से लोगो को आत्म निर्भर बनाती रहे।

# बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को बीस साल का कारावास

## पॉस्को न्यायाधीश ने तीन लाख रूपये पीडिता को क्षतिपूर्ति देने के निर्देश दिए

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने मात्र 6 वर्षीय अबोध बच्ची के साथ दुराचार करने के आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास और 35 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी है। विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने बताया कि कुण्डा थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए कहा कि 02 जनवरी 2021 की शाम करीब पाँच बजे उसकी 6 वर्षीय अबोध बच्ची ट्यूशन पढ़कर आ रही थी तो मूल रूप से पश्चिमी बंगाल का रहने वाला हाल निवासी ग्राम हरियावाला 35 वर्षीय राजू राय पुत्र रामललित राय बच्ची को चॉकलेट दिलाने के बहाने टेम्पलेटर स्कूल के पास ले गया जहां उसने बच्ची के साथ दुराचार किया। बच्ची ने घर आकर अपनी माता को सारी बात बताई और पिता के घर आने पर माता ने उनको बताया जिसके बाद पिता ने कुण्डा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई,पुलिस ने बच्ची का मेडिकल कराया जिसमें उसके साथ दुराचार करने की पुष्टि हुई ।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया उसके विरूद्ध पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ की कोर्ट् में मुकदमा चला जिसमें एडीजीसी विकास गुप्ता ने 6 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने राजू राय को धारा 5/6 पॉस्को एक्ट में 20 वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने,धारा 363 में 4 वर्ष के कठोर कारावास और 5 हजार रुपये जुर्माने एंव धारा 366 भा०द०सं० में 5 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी साथ ही कहा कि जुर्माने की धनराशि में से 25 हजार रुपये पीडिता को दिये जायेगें। पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने सरकार को निर्देश दिए कि पीडिता को क्षतिपूर्ति के रूप में 3 लाख रुपये प्रदान करें।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# वॉल पेंटिंग और नारियल में मां लक्ष्मी के मुखौटे बनाकर हल्द्वानी की चंपा ने बनाई नई पहचान



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काम करो ऐसा कि एक पहचान बन जाए, हर कदम ऐसा चलो कि निशान बन जाए, यहां जिंदगी तो हर कोई काट लेता है, जिंदगी जियो इस कदर कि मिसाल बन जाए ! हल्द्वानी के कठघरिया क्षेत्र की बजूनिया हल्दू गांव निवासी 44 वर्षीय चंपा पांडे ने संयुक्त परिवार की जिम्मेदारियों के बीच आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाया है। दीपावली के इंतजार के बीच इन दिनों नारियल पर मां लक्ष्मी का मनभावन मुखौटा बनाकर चंपा पांडे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। चंपा ने पेंटिंग में अपने जुनून और प्रतिभा से यह साबित कर दिखाया है कि एक गृहिणी घर की जिम्मेदारियों को निभाने के साथ- साथ अपने शौक के दम पर सशक्त भी बन सकती है। चंपा कहती हैं कि ग्रेजुएशन की पढ़ाई के बाद उन्होंने पेंटिंग की शुरुआत की। मायके में भाई से प्रेरणा मिली। लेकिन शादी के बाद परिवार की जिम्मेदारियों के बीच शौक को कायम रखना भी चुनौती भरा था। ऐसे में पति मनोज पांडे की हौसलाअफजाई और परिवार के सहयोग से उन्होंने वॉल पेंटिंग और नारियल में मां लक्ष्मी के मुखौटे बनाना शुरू किया। अब तक लोक संस्कृति, धर्म, पर्यावरण समेत तमाम विषयों से जुड़ी दर्जनों वॉल पेंटिंग और मां लक्ष्मी के मुखौटे बना चुकी चंपा की 13 साल की होनहार बेटी अंजनी को भी पेटिंग में महारत हासिल है। बच्चों की खातिर चंपा ने सोशल मीडिया से दूरी बनाई हुई है।आज के दौर में जहां अधिकतर लोग विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म से जुड़े रहते हैं, ऐसे में चंपा ने बच्चों की खातिर सोशल मीडिया से दूरी बनाई है। वह कहती हैं कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसलिए वह भी सोशल मीडिया से दूर हो गईं। सही ढंग से प्रचार प्रसार न होने से उनकी कला अधिक लोगों तक नही पहुंच पा रही है। ऐसे में शुभचिंतकों के माध्यम से ही लोग उन तक मां लक्ष्मी के मुखौटों और वॉल पेंटिंग को पाने के लिए पहुंचते हैं। वह कहती हैं कि अगर उनकी बनाई पेंटिंग और मां लक्ष्मी के मुखौटों को बिक्री के लिए उचित मंच मिले तो वह और बेहतर करने के लिए प्रेरित होंगी। स्थानीय निवासी प्रीति जोशी सुयाल बताती हैं कि एक गृहिणी के लिए अपने शौक और हुनर को जिंदा रखना चुनौती से कम नहीं होता। चंपा पांडे ने यह साबित कर दिया कि अगर ठान लो तो कुछ भी नामुमकिन नहीं। उनके हाथों नारियल पर बनी कलाकृति को देखकर ऐसा लगता है मानो मां लक्ष्मी साक्षात प्रकट हो गई हैं। जिसे चंपा के हुनर की जानकारी मिल रही है वह इस दीपावली उनके हाथों बने मां लक्ष्मी के आकर्षक मुखौटे को अपने मंदिर में विराजमान करना चाह रहा है। चंपा हर उस महिला के लिए मिशाल हैं जो अपने हुनर के दम पर परिवार की ताकत बनना चाहती हैं। अगर कोई दीपावली में नारियल से बने मां लक्ष्मी के मुखौटे लेना चाहता है तो उनसे मोबाइल नंबर 9719761903 पर संपर्क किया जा सकता है।




# 'गले' उतर नहीं पा रहा गांधी पार्क की शिफ्टिंग का 'प्रस्ताव'

## रुद्रपुर वासियों को रास नहीं आ रहा गांधी पार्क की शिफ्टिंग का प्रस्ताव ,पार्क के मौजूदा स्वरूप से छेड़छाड़ करने की कोशिश को बताया अव्यावहारिक, बीच का रास्ता निकालने पर दिया जोर

-अर्श-

रूद्रपुर। शहर के ऐतिहासिक एवं प्राचीन, गांधी पार्क को सिंचाई विभाग की जमीन में स्थानांतरित कर गांधी पार्क में मल्टी स्टोरी पार्किंग एवं दुकान बनाने का विचार रुद्रपुर के निवासियों के गले नहीं उतर पा रहा है। शहर के तमाम संभ्रांत व्यक्ति गांधी पार्क का स्वरूप बदले जाने का प्रस्ताव सामने आने से जहां खासा आहत है, वही नगर के अधिकांश व्यवसाईयों ने विगत दिनों 'उत्तरांचल दर्पण' के साथ हुई बातचीत में गांधी पार्क के साथ किसी भी किस्म की भावी छेड़छाड़ की कोशिश प्रति गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए इसे पूरी तरह अव्यावहारिक भी बताया। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं व्यवसाई वेद ठुकराल ने चर्चा के दौरान कहा कि गांधी पार्क के वर्तमान स्वरूप से छेड़छाड़ किए बिना भी नगर की पार्किंग समस्या का हल किया जा सकता है। उनके अनुसार गांधी पार्क की शिफ्टिंग के प्रस्ताव की जानकारी होने पर उन्हें काफी दुख हुआ है और वे खासा आहत है। उन्होंने आगे बताया कि इस विषय पर मैंने पार्टी फोरम पर अपनी बात रख दी है तथा इस मामले के समस्त पहलुओं से केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट को भी अवगत


वेद ठुकराल


अमित बांगा


दलजीत सिंह



पवन गाबा

करा दिया है। भविष्य में कोशिश रहेगी की कोई बीच का रास्ता निकले। उनके अनुसार शहर के बुनियादी ढांचे को ध्यान में रखते ही हुए ही कोई योजना बनाई जानी चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बिना तोड़फोड़ एवं उठापटक के भी अच्छी विकास की योजनाएं तैयार की जा सकती हैं तथा शहर के चारों दिशाओं में छोटी-छोटी पार्किंग बनाकर भी पार्किंग की समस्या का निदान किया जा सकता है और इसके लिए गांधी पार्क के मौजूदा स्वरूप में परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है। वहीं शहर के एक अन्य व्यवसाई दलजीत सिंह 'हन्नी' का मानना था कि गांधी पार्क जहां है उसे वही रहने देना चाहिए ,साथ ही इसे और भी अच्छा बनाया जाना चाहिए तथा इस मसले पर शहर के व्यापारियों, बुजुर्गों, युवाओं आदि सभी आमजन को विश्वास में लेकर ही आगे कोई कदम उठाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हम शहर के विकास के विरोध में नहीं है लेकिन अगर कोई अगर कोई ऐसा विकल्प निकल सके, जिससे गांधी पार्क भी अपने अस्तित्व में रहे और शहर की पार्किंग संबंधी समस्या का भी निदान हो जाए ,तो ऐसे विकल्प पर विचार होना चाहिए। उनके अनुसार गांधी पार्क के अनेक सार्वजनिक उपयोग भी है ।शहर के बीचो-बीच होने के कारण किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम में लोगबाग आसानी से पहुंच जाते हैं। इसलिए इसका मौजूदा स्वरूप ही बरकरार रहना चाहिए। दूसरी तरफ युवा व्यवसाई अमित बांगा ने बातचीत के दौरान कहा कि शहर के बीचो-बीच एकमात्र खुला स्थान गांधी पार्क ही है। इसलिए इसे वर्तमान स्वरूप में ही रहना चाहिए। इसमें पार्किंग और दुकान बनाने के बजाय इसे एक अच्छे पार्क के रूप में विकसित करने के प्रयास होने चाहिए। अगर शहर को विकसित करने के क्रम में नई पार्किंग और दुकान बनाया जाना जरूरी ही है, तो सिंचाई विभाग के भूमि पर पार्किंग और दुकान बना दी जाए। गांधी पार्क सिर्फ एक पार्क ही नहीं है बल्कि यह शहर के क्रमिक विकास के समूचे इतिहास को अपने आप में समाहित किए हुए हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का भाषण गांधी पार्क में ही हुआ था तथा उत्तर प्रदेश की तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने उधम सिंह नगर जिले की घोषणा भी गांधी पार्क में ही की थी। गांधी पार्क शहर के विकास का आईना है और इसे अपने वर्तमान स्वरूप में ही मौजूद रहना चाहिए। इसके अतिरिक्त युवा व्यापार मंडल के महामंत्री पवन गाबा 'पल्ली' ने पार्किंग समस्या के निदान के नाम पर गांधी पार्क के मौजूदा स्वरूप से छेड़छाड़ को औचित्यहीन निरूपित करते हुए कहा कि रुद्रपुर के मुख्य बाजार की गलियां अब पर्याप्त चौड़ी हो गई है। इसलिए शहर में अब पार्किंग की उतनी समस्या नहीं है, लिहाजा पार्किंग और नई दुकानों के निर्माण के नाम पर, पार्क के वर्तमान स्वरूप से किसी प्रकार की छेड़छाड़ ठीक नहीं है। गांधी पार्क के अलावा भी शहर में पार्किंग के तमाम विकल्प मौजूद हैं। शहर हित में अगर पार्किंग बनाना जरूरी ही है, तो उसे सिंचाई विभाग की जमीन पर बनाया जाए। उन्होंने आगे कहा कि गांधी पार्क को और भी खूबसूरत बनाना चाहिए। सरकार अगर नहीं बना सकती तो इसे पीपीपी मोड पर दे दे, लेकिन शहर के बीच इस खुले स्थान को बिल्कुल भी डिस्टर्ब ना किया जाए। उनके अनुसार किसी भी आपातकाल की स्थिति यह गांधी पार्क ही शहर वासियों के काम आएगा। शहर के मुख्य व्यापार बाजार से कस्टमरों ग्राहकों के दूर होने की समस्या को रेखांकित करते हुए उन्होंने आगे कहा कि समय के साथ ट्रांजिट कैंप की मार्केट कैंप में ही बन गई है, खेड़ा की मार्केट भी खेड़ा में डेवलप हो गई है तथा इंदिरा कॉलोनी की मार्केट इंदिरा कॉलोनी में और आवास विकास की मार्केट आवास विकास में विकसित हो गई है। इस कारण मुख्य बाजार में कस्टमर ही नहीं पहुंच पाते ।अगर हाईवे से लगे गांधी पार्क में नई मार्केट बना दी जाएगी, तो मुख्य बाजार से ग्राहक बिल्कुल ही गायब हो जाएंगे और मुख्य बाजार के व्यापार की कमर टूट जाएगी।

# किच्छा में शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह

-कैलाश पंडित-

किच्छा। क्षेत्रीय विधायक द्वारा आगामी 5 नवंबर को आयोजित भव्य शिलान्यास कार्यक्रम एवं जनसभा को लेकर कांग्रेसियों में जबरदस्त उत्साह है। तथा कांग्रेसियों द्वारा पूरे नगर क्षेत्र को झंडों और बैनरों से सजाकर कांग्रेस मय बना दिया है। गौर तलब है कि कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ का 2022-23 विकास कार्यों का प्रथम वर्ष पूरा हो गया है। इस प्रथम वर्ष में विधायक द्वारा कितने कार्य किए गए हैं उनका लेखा-जोखा विधानसभा किच्छा की जनता के सामने रखा जाएगा जिसके लिए स्थानीय पुरानी टैक्सी स्टैंड में कल 5 नवंबर को कांग्रेस द्वारा एक विशाल आम जनसभा का आयोजन किया जा रहा है जिसकी तैयारी जोरों पर है जिसके लिए क्षेत्र वार कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कार्य सौंपा गया है।नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ,ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी के अलावा ब्लॉक स्तर, नगर स्तर वार्ड स्तर क्षेत्र पंचायत स्तर सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं को क्षेत्रीय विधायक द्वारा जिम्मेदारियां सौंपी गई है। तथा जिम्मेदारियां का निर्वहन करने की गाइडलाइन भी जारी की गई है। हर कार्यकर्ता को उनके उचित स्थान पर बड़ी-बड़ी होर्डिंग में तथा अन्य प्रचार सामग्रियों में स्थान दिया गया है। यह पहली बार हो रहा है राज्य बनने के बाद किच्छा विधानसभा में कांग्रेस पार्टी का दबदबा दिखाई दिया। विधायक तिलकराज बेहड़ के पहले क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी लगभग खत्म सी हो गई थी। किंतु तिलक राज बेहड़ के बागडोर संभालते ही किच्छा विधानसभा में मृत पड़ी कांग्रेस में संजीवनी का समावेश हो गया है। विधायक द्वारा अपने इस 1 वर्ष के कार्यकाल में नगर के लिए लगभग 100 से भी अधिक योजनाओं पर कार्य किया है तथा उन्हें धरातल पर उतारा है 5 नवंबर को नगर को सुंदर करने के लिए स्वागत द्वार बनाकर नया लुक देने का भव्य शिलान्यास किया जाएगा जो की नगर की सुंदरता के लिए मील का पत्थर साबित होगा नगर के मुख्य चौराहों पर बनने वाले गेट डबल रोड होंगे जिसमें यातायात का एक तरफ से आना और एक तरफ से जाना बनाकर दोनों और फूल और हरे भरे वृक्षों से सुसज्जित किया जाएगा यही नहीं नगर के अंदर डिवाइडरों का भी सौंदरीकरण कर लाइटों की उचित व्यवस्था करते हुए तथा हरे-भरे सुंदर वृक्षों की भी व्यवस्था की जाएगी।




# छात्र संघ अध्यक्ष कमल जोशी का निर्विरोध निर्वाचन

## विधायक शिव अरोरा ने कार्यालय पर किया स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय महाविद्यालय में छात्र संघ अध्यक्ष पद पर कमल चन्द जोशी और उप सचिव पद पर सुधांशु कश्यप का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। दोनों छात्र नेताओं का विधायक शिव अरोरा के कार्यालय पर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा निश्चित रूप से छात्र हित मे अच्छे और योग्य साफ छवि के लोग आगे आने चाहिए और यह दोनों ही निर्वरोध प्रत्यासी बहुत मेहनती है और लंबे समय से छात्र हितों में संघर्ष कर रहे हैं ओर मुझे विश्वास है कि छात्रों की मजबूत आवाज बनकर कार्य करेंगे और उन्होंने दोनों ही प्रत्याशी को आश्वस्त किया विधायक के रूप में महाविद्यालय के हित मे जो भी कार्य होंगे उनको करवाया जाएगा। विधायक शिव अरोरा ने निर्वरोध अध्यक्ष प्रत्याशी कमल चन्द जोशी व उपसचिव सुधांशु कश्यप शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान भाजपा नेता सुरेश कोली, किरण विर्क, प्रीत ग्रोवर, सोनू अनेजा, राजेश जग्गा, धीरेश गुप्ता, सुशील यादव, मनोज मदान, रोनिक नारंग, मयंक कक्कड़, सुनील यादव, विकास सागर, सुनील सागर, राधेश शर्मा, वैभव ग्रोवर, हिमांशु कनोजिया व अन्य लोग मौजूद रहे।











विकास का दूसरा नाम "तिलक राज बेहड़"

# भव्य शिलान्यास एवं जनसभा

1 आदित्य चौक

2 अंबेडकर चौक के पास

3 हल्द्वानी रोड काली मंदिर के पास

**श्री तिलक राज बेहड़**
मा0 विधायक, किच्छा



दर्शन कुमार कोली
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद, किच्छा



भूपेंद्र चौधरी
महानगर अध्यक्ष
कांग्रेस कमेटी, किच्छा



गुड्डू तिवारी
ब्लॉक अध्यक्ष
कांग्रेस कमेटी, किच्छा

# दिनांक - 5 नवंबर, रविवार समय प्रातः 10 बजे
# कार्यक्रम स्थान- टैक्सी स्टैण्ड, किच्छा

सबकी इच्छा समृद्ध किच्छा

## किच्छा विधानसभा - 67, विकास के बढ़ते कदम

स्थानीय विकास एक समृद्ध और लचीले समाज की आधारशिला है। एक राजनेता के रूप में, उन नीतियों और पहलुओं की वकालत करना मेरी ज़िम्मेदारी है जो सभी समुदायों को बढ़ने और फलने-फूलने के लिए सशक्त बनाती हैं। बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और स्थिरता में निवेश करके और सामुदायिक जुड़ाव और सांस्कृतिक संवर्धन को बढ़ावा देकर, हम मजबूत, अधिक जीवंत समुदायों का निर्माण कर सकते हैं। इन प्रयासों का प्रभाव आर्थिक विकास से कहीं आगे तक जाता है; यह हमारे जीवन के हर पहलू को छूता है, हमारे बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता से लेकर सभी स्थानीय क्षेत्रवासियों की भलाई तक। हम सब मिलकर सभी के लिए एक उज्जवल भविष्य बना सकते हैं।









आपका विश्वास, मेरा दृढ़ संकल्प - विकास पथ पर किच्छा











उत्तरांचल दर्पण

# सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## राजनीतिक दलों का चुनावी चंदे

चुनावी चंदे के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह बीते सितंबर महीने तक राजनीतिक दलों को मिले कुल चंदे का ब्योरा पेश करे। हालांकि इस पर निर्वाचन आयोग का रुख कुछ टालमटोल का रहा, मगर अदालत ने इसे लेकर सख्ती दिखाई। फैसला यह ब्योरा उपलब्ध होने के बाद ही आएगा।हालांकि पूरी सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय की पांच जजों की पीठ ने सरकार से जिस तरह के सवाल किए और सरकार की तरफ से उनके जो जवाब आए, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि चुनावी चंदे के मामले में जानबूझ कर पारदर्शिता बाधित की गई। सर्वोच्च न्यायालय ने समानता का अधिकार कानून की नजर से इस मामले पर सुनवाई की।शुरू में सरकार ने तर्क दिया कि चुनावी चंदे के बारे में मतदाता को जानने का कोई अधिकार नहीं है। मगर इस सवाल के आगे यह तर्क देर तक ठहर नहीं पाया कि मतदाता कंपनियों का शेयरधारक भी हो सकता है और उसे यह जानने का पूरा अधिकार है कि उसके निवेश का लाभांश कंपनी किस राजनीतिक दल को दे रही है। ऐसे ही अदालत के लगभग सभी सवाल सरकार को असहज करने वाले थे।दरअसल, चुनावी चंदे से संबंधित कानून को बदल कर बांड का प्रावधान किया गया, तभी आशंका जाहिर की गई थी कि इससे राजनीतिक चंदे में अपारदर्शिता आएगी और कारपोरेट घराने इसके जरिए अपने हित साधने का प्रयास करेंगे। वह बात जल्दी ही साबित भी हो गई। दरअसल, नए कानून के बाद राजनीतिक चंदे की करीब नब्बे फीसद राशि सत्ताधारी दल को मिलती रही है।इस तरह चंदे के मामले में राजनीतिक दलों के बीच असमानता देखी गई। चुनावी शुचिता के पक्षधर सदा से कहते रहे हैं कि राजनीतिक दलों पर कारपोरेट घरानों या कंपनियों से चुनावी चंदा लेने की रोक होनी चाहिए, क्योंकि इस तरह चंदा देकर कारोबारी सत्तापक्ष पर अपने लाभ के लिए फैसले कराने का दबाव बना सकते हैं। काफी समय तक ऐसे चंदे पर रोक रही। फिर नियम बना कि कंपनियां अपने सकल लाभ का पांच फीसद चुनावी चंदे के रूप में दान दे सकती हैं। इस सीमा को बाद में बढ़ा कर साढ़े सात फीसद कर दिया गया था। मगर जब बांड के रूप में चंदा लेने का कानून बना तो यह सीमा हटा दी गई और नियम बन गया कि कोई भी जितना चाहे, चंदा दे सकता है। जरूरी नहीं कि कंपनी फायदे में ही चल रही हो। यहां तक कि अगर किसी विदेशी कंपनी की शाखा भारत में है, तो वह भी चंदा दे सकती है। चंदा देने वाले की पहचान उजागर नहीं की जा सकती।इस कानून के पीछे सरकार का तर्क था कि इससे काले धन को सफेद करने का चलन बंद होगा। मगर जिस तरह कुल चंदे का बड़ा हिस्सा केवल सत्ताधारी दलों को मिलता देखा गया है, उससे यह अंदेशा गहरा हुआ है कि कंपनियों ने सरकारों से किसी न किसी लाभ की इच्छा से ऐसा किया होगा। बहरहाल, सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया है कि चुनावी चंदे में पारदर्शिता जरूरी है और मतदाता को यह जानने का पूरा हक होना चाहिए कि किसी पार्टी को चंदा कहां से मिल रहा है और वह उसका उपयोग किस रूप में कर रही है। लोकतंत्र का तकाजा भी यही है कि राजनीतिक दल अपारदर्शी तरीके से धन जुटाने का प्रयास न करें।

# कैंसर जागरूकता एवं रोकथाम पर सेमिनार आयोजित

देहरादून (उद संवाददाता)। हेमवती नंदन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय द्वारा राजभवन में कैंसर जागरूकता एवं रोकथाम विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में विषय विशेषज्ञों द्वारा कैंसर के रोकथाम एवं जागरूकता के विषय में विचार रखे। निदेशक सुभारती कैंसर प्रबंधन संस्थान मेरठ, डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने स्तन कैंसर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार के कैंसर का इलाज संभव है अगर उसका पता शुरूआत में लग जाए। कम जागरूकता की वजह से कैंसर का पता शुरूआती चरण में नहीं लग पाता। उन्होंने कहा कि महिलाओं में होने वाला स्तन कैंसर 30 से 40 वर्ष की उम्र में अधिक घातक होता है। डॉ. श्रीवास्तव ने स्तन कैंसर के लक्षण और विकसित विधियों द्वारा किए जाने वाले निदान और उपचार के बारे में बताया। एम्स ऋषिकेश के डॉ. अमित शेरावत द्वारा फेफड़ों में होने वाले कैंसर के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारियां दी गई। उन्होंने बताया कि फेफड़ों में होने वाले कैंसर का 80 प्रतिशत से अधिक कारण धुम्रपान है। उन्होंने बताया कि हमारी जीवनशैली भी कैंसर के लिए काफी हद तक जिम्मेदार है। उन्होंने धूम्रपान न करने की सलाह दी। एम्स ऋषिकेश के डॉ. स्वीटी गुप्ता और प्रो. शालिनी राजाराम ने भी कैंसर से संबंधित लक्षण एवं इससे होने वाले घातक परिणामों व इससे बचने के उपायों के बारे में अपने विचार साझा किए। इस सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करते हुए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह( से नि) ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति



को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कैंसर एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या के रूप में लाखों लोगों को अपनी चपेट में ले रही है और इससे लोगों के जीवन में अत्यन्त घातक असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कैंसर जैसी घातक बीमारी एवं इससे होने वाले नुकसान के बारे में दुरस्थ क्षेत्रों तक लोगों में जागरूकता के प्रयास किए जाए। राज्यपाल ने कहा कि कैंसर से बचने के उपायों में हमें अपने जीवन शैली को सही रखना और संतुलित आहार करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस घातक बीमारी के प्रति हम शुरूआती चरण में लापरवाह बने रहते हैं और जब यह रोग विकट रूप लेता है तब उपचार की खोज में जाते हैं लेकिन तब तक देर हो चुकी होती है। ऐसे में हम लोगों को इसकी घातक प्रवृत्ति, लक्षण, कारण और निदान के बारे में जागरूक बनना होगा। उन्होंने कहा कि इस संगोष्ठी में बहुत से उपाय विशेषज्ञों द्वारा बताये गए हैं जिस पर सभी को अमल करना होगा। राज्यपाल ने विश्वास जताया कि इस सेमिनार के माध्यम से जो विचार और मंथन किए गए हैं उससे इस रोग के प्रति जागरूकता और निदान के प्रति संवेदनशीलता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इसकी जागरूकता के लिए मास मीडिया का उपयोग भी किया जाना जरूरी है जिससे लोग इस रोग के लक्षणों और कारणों की जानकारी के प्रति सचेत हो सकेंगे। विशिष्ट अतिथि सचिव श्री राज्यपाल श्री रविनाथ रामन ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा इस सेमिनार को आयोजित कराने की प्रेरणा राज्यपाल द्वारा दी गई। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के मार्गनिर्देशन में राजभवन में समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधी सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कैंसर जैसी घातक बीमारी के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम अपनी जीवनशैली में भी परिवर्तन करें जो हमें इन खतरों से बचाकर रख सके। कुलपति एचएनबी चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय प्रो. हेमचंद्र ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया और इस सेमिनार में पधारने के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। सेमिनार में कुलपति दून विश्वविद्यालय प्रो. सुरेखा डंगवाल, कुलपति आयुर्वेदिक वि.वि अरूण कुमार त्रिपाठी, कुलपति संस्कृत वि.वि प्रो. दिनेश चंद्र शास्त्री, कुलपति श्रीदेव सुमन वि.वि प्रो. एन.के.जोशी, प्राचार्य दून मेडिकल कॉलेज डॉ. आशुतोष सयाना, कुलसचिव डॉ. आशीष उनियाल, सहित विभिन्न विश्व विद्यालयों एवं कॉलेजों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# वडाली ब्रदर्स की प्रस्तुतियों ने लोगों को किया मंत्रमुग्ध



देहरादून(उद संवाददाता)। विरासत आर्ट एंड हेरीटेज फेस्टिवल 2023 के आठवें दिन के कार्यक्रम की शुरूआत दून लाइब्रेरी में ठुमरी के सफर पर एक एक चर्चा से शुरू हुआ, जिसमें के एल पांडेय द्वारा 1902 से 2023 तक के ठुमरी के सफर को विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहां हिंदी भाषा को देश के कोने-कोने तक पहुंचने में हिंदी संगीत का बहुत बड़ा योगदान है। दून लाइब्रेरी में चर्चा के दौरान उन्होंने अपनी पूरी जीवन की कहानी बताई कि कैसे -कैसे उन्होंने रेलवे में वारिष्ट अधिकारी से लेकर कवि बनने तक का सफर पूरा किया । के एल पांडेय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अभी तक 92 कांफ्रेंस ठुमरी के उपर कर चुके हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ रीच विरासत के महासचिव श्री आर.के.सिंह एवं अन्य सदस्यों ने दीप प्रज्वलन के साथ किया।सांस्कृतिक कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति में राहुल और रोहित



मिश्राजी द्वारा खयाल गायकी प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने राग पूरिया धनाश्री में बंदिश से शुरुआत की और फिर उन्होंने एक ठुमरी और एक दादरा के बंदिश प्रस्तुत किया।हारमोनियम पर सुमित मिश्रा और तबले पर मिथिलेश झा ने सगत दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम की दूसरी प्रस्तुति में वडाली ब्रदर्स ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वडालीब्रदर्स के एक झलक पाने के लिए डॉ. बी. आर. अंबेडकर स्टेडियम में हजारो कि संख्यामें लोग पहुचें एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया। वडाली ब्रदर्स सूफी, रोमांटिक लोक गीत, गजल, भजन और भांगड़ा पर अपनी प्रसतुतियां दी। उन्होंने अपनी प्रस्तुति कि शरूआत उनहोंने सूफी बंदिश..."जब तेरी दीद हुई, मेरी ईद हुई" बाबा फरीद शाह का एक और सूफी कलाम, "तेरा नाम.." और भी बहुत कुछ प्रस्तुतियां दी। संगत में कलाकार वडालियों के साथ कीबोर्ड पर मुनीष मन्नू, सैंपलर पैड पर राजिंदर कुमार, तबले पर असलम, ढोलक पर राकेश कुमार, ढोल पर अश्वनी, गिटार पर अजय नेगी थे, गायन में जयकरण, सुभाष, गगनदीप, मौसम और अजय कुमार ने सहयोग दिया।

# छात्रसंघ अध्यक्ष बनने पर कमल जोशी का किया स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कैनाल कालोनी निवासी कमलचंद जोशी के निर्विरोध छात्र संघ अध्यक्ष बनने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं समाजसेवी संजय ठुकराल ने उनका स्वागत किया। इस दौरान कमल ने ठुकराल



से आशीर्वाद लिया। स्वागत करने वालों में संजय ठुकराल, मानवेंद्र सिंह, गगन ग्रोवर ,बॉबी टुटेजा, राहुल सरीन, राजीव छाबड़ा , जोमी चांडा, सौरभ राजपूत, संजीव कुमार, शिवम कालरा, रमन, पंकज, आदि लोगों उपस्थित थे।

# महिलाओं को मंच दे कर बना रहे आत्मनिर्भर : स्मृति लाल

देहरादून(उद संवाददाता)। महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से ताशी आर्ट्स की ओर से इन्वोक दिवाली लाइफस्टाइल एग्जिबिशन का मिसेज इंटरनेशनल चांदनी सिंह जमाल, जसवंत मॉडर्न स्कूल की प्रिंसिपल मीनाक्षी गडोतरा , वाइस प्रिंसिपल कंचन सेठ , नव चेतना क्लब की प्रेसिडेंट विभा अग्रवाल



उद्घाटन आज तिलक रोड स्थित आर्ट गैलरी में किया गया इस मौके पर दिवाली के त्यौहार को देखते हुए कई तरह के स्टॉल प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन रिबन काट कर व दीप प्रज्वलित कर व वाइस प्रेसिडेंट वर्षा मांगलिक ने किया। इस मौके पर फैब्रिक में हिमानी मोहन, गीगी वैलनेस में गीगी पाठक, मृगनयनी क्रिएशन बाय मेघा गुप्ता, साइन क्रिएशन बाय नितिका बत्रा, सलवान ह्यूज बाय पीयूष अभि, लीरा बाय अवनीत कौर, थ्रेड्स एंड पेंट्स बाय अंजू गुप्ता, आराध्य डिजाइनर स्टोर बाय रश्मि सिन्हा, अरेशन बाय राधिका गुप्ता, योगवेदा बाय कुणाल मेहता, पहनावा क्रिएशन बाय सुजाता गुप्ता, रजनी कलेक्शन बाय रजनी बेदी, रिवायत बाय नेहा सचदेवा, टपरवेयर बाय नीलू सिंह, विविधा स्टोर बाय अर्चना शर्मा, थ्रेड्स वंडर बाय सुप्रिया आचार्य, एग्रिमस डेकोर बाय अनुपमा नेगी ने अपने अपने उत्पाद प्रदर्शित कीजिए। इस मौके पर आयोजक समृति लाल ने कहा कि दिवाली एक ऐसा मौका होता है जिसमें हर व्यक्ति जो काम करता है कुछ कमा कर घर जाना चाहता है और हमारा उद्देश्य उन महिलाओं को एक मंच देना है जिनके पास दुकान या शोरूम नहीं है और वह पूरी मेहनत और लगन के साथ अपना सामान यहां पर आकर प्रदर्शित करती हैं और बेचती हैं।

# एल्डा फाउंडेशन ने आयोजित की जागरूकता कार्यशाला

देहरादून(उद संवाददाता)।एल्डा फाउंडेशन लखनऊ एवं सीबीबीओ इम्प्लीमेंटिंग एजेंसी देहरादून के सहयोग से फार्मर्स प्रोडक्शन ऑर्गेनाइजेशन जौनसारी महिला मौन उत्पादक संगठन स्व सहकारिता कालसी देहरादून की महिलाओं के लिए एक दिवसीय महिला स्वास्थ्य एवं रोजगार कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपरोक्त




कार्यशाला में 100 से अधिक महिलाओं की भागीदारी रही । कार्यशाला में महिलाओं को माहवारी एवं सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक किया गया वा रोजगार से संबंधित योजना बताई गई, उपरोक्त एफपीओ के लिए एल्डा फाउंडेशन द्वारा सेनेटरी पैड की तीन वेंडिंग मशीनस तीन जगहों पर लगाई गई। कामरौली कालसी, सलगा, बाइसोइ । जिससे कि इन सभी महिलाओं को उचित दामों पर सैनिटरी पैड प्राप्त हो सके वा रोजगार के अवसर के खुल सके। कार्यशाला में महिलाओं को सेनेटरी पैड का वितरण किया गया उपरोक्त कार्यशाला में एल्डा फाउंडेशन से अध्यक्ष डॉ पूजा एवं राजश्री जी उपस्थित रहे। सीबीबीओ की तरफ से डॉ अतुल ,शाइस्ता परवीन। एवं एफ पी ओ की तरफ से निरमा, मंजू ,हमीर सिंह एवं बाकी सभी कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

# राजस्थान में भाजपा विधायक के अमयार्दित बयान पर फूटा गुस्सा

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजस्थान के अलवर जिले की तिजारा विधान सभा में एक सभा के दौरान भाजपा विधायक प्रत्याशी संदीप दायमा द्वारा सिक्खों के गुरुद्वारों एवं मुसलमानों की मस्जिदों के खिलाफ उगले जहर के खिलाफ बीती शाम गदरपुर मुख्य बाजार में अनाज मंडी मोड़ के पास बीजेपी, संदीप दायमा और ताली बजाकर उगलते हुए जहर का समर्थन करने वाले यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का का पुतला दहन किया गया। उक्त घटना के विरोध में पुतला दहन और थाने में तहरीर देने के लिए गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा,सिख संगठन उत्तराखंड,भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक, सिख प्रचारक सभा, कंबोज समुदाय और अन्य लोगों द्वारा समर्थन दिया गया। गुरुद्वारा परिसर में एकत्र होने के उपरांत जोरदार नारेबाजी करते हुए पुतले का अनाज मंडी मोड तक जुलूस निकाला गया और जोरदार नारेबाजी के बीच संदीप दायमा, भाजपा, बालक नाथ और यूपी के मुख्यमंत्री का शव यात्रा निकालने के उपरांत पुतला दहन किया गया। भारतीय सिख संगठन के अध्यक्ष और भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के प्रदेश अध्यक्ष



सलविंदर सिंह कलसी ने कहा कि जिस प्रकार संदीप दायमा द्वारा यूपी के मुख्यमंत्री की मौजूदगी में गुरुद्वारों और मस्जिदों को देश के लिए नासूर बताते हुए उखाड़ फेंकने का बयान दिया उससे देश में अराजकता का माहौल बन सकता है बीजेपी को चाहिए कि वह संदीप दायमा के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसे निष्कासित करें,वहीं भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह गोराया ने कहा, सिक्खों के गुरुद्वारों का सम्मान करने वाले सभी नागरिकों और देशवासियों को ऐसे अराजक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए सरकार पर दबाव बनाना चाहिए ताकि देश में शांति का माहौल बना रह सके। वही स. प्रतपाल सिंह ने कहा कि कोरोना काल के अलावा अन्य आपदाओं के समय देश के लिए हर जगह पहुंचकर गुरुद्वारों के सेवादारों ने हर नागरिक की सेवा के लिए अपना बहुमूल्य योगदान दिया है देश की आजादी के लिए भी सिख समुदाय द्वारा 85% कुर्बानियां देकर देश की आजादी में मूल्य योगदान दिया जिसे नकारा नहीं जा सकता। इस मौके पर सादा सिंह, राजेंद्र सिंह,दर्शन सिंह, दलजीत सिंह, कुलदीप सिंह, लवप्रीत सिंह, सरदार सिंह, राजकुमार, मंगल सिंह, राजेंद्र कुमार, गुरदयाल सिंह, सुखदेव सिंह, सर्बजीत सिंह, गुरलाल सिंह,करतार सिंह,राजेंद्र कंबोज, रामकुमार,रिजवान अहमद, अमन सिंह बठला, अमरीक सिंह, जसपाल सिंह सोनी, सतपाल सिंह, सरबजीत सिंह,अमरजीत सिंह, गुरसेवक सिंह,जसवंत चुघ,देवेंद्र सिंघ, महेंद्र सिंह, पलविंदर सिंह, जगजीत सिंह सहित तमाम लोग शामिल थे। वही लगभग आधा दर्जन पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे।

# मां के दरबार में होती हैं मनोकामनाएं पूरी: चुघ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मां भगवती के दरबार में शीश झुका कर मुरादें मांगने से मां भगवती सबकी मनोकामनाएं पूरी करती है। यह बात वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता भारत भूषण ने ग्राम मटकोटा की टीडीसी कालोनी में स्थित प्राचीन महादेव मंदिर में आयोजित मां भगवती जागरण का अमित गौड़, अखिलेश गौड़, सुरेश गौड़ आदि के साथ धार्मिक अनुष्ठानों के बीच संयुक्त रूप से पावन ज्योति प्रज्जवन करने के पश्चात उपस्थित भक्तजनों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मां की महिमा अपरम्पार है। मुगल बादशाह अकबर ने भी मां की शक्ति से प्रभावित होकर मां के चरणों में अपना शीश झुका दिया था। उन्होंने कहा कि मां की शक्ति की परीक्षा लेने वाले बाबा भैरों का सिर मां से धड़ से अलग कर दिया था। बाद में माफी मांगने पर मां ने उसे वरदान भी दिया। श्री चुघ ने कहा कि पावन नवरात्र में कन्याओं की मां के स्वरूप में पूजा की जाती है। जबकि कन्याओं की तो मात्र नवरात्र में ही नहीं बल्कि प्रतिदिन पूजा की जानी चाहिए। साथ ही बेटियों को अच्छी शिक्षा के साथ खेलों में भी प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा आज देश की बेटियां शिक्षा के साथ साथ खेलों व अन्य क्षेत्रों में भी देश का नाम पूरे विश्व में रोशन कर रही हैं। श्री चुघ ने मां भगवती से सबकी मंगलकामनाएं के लिए विनती की। इससे पूर्व श्री चुघ का कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर आयोजकों द्वारा माल्यार्पण कर व पटका पहनाकर स्वागत किया गया। भगवती जागरण में सांई जागरण मंडल रूद्रपुर द्वारा भजनों के माध्यम से मां की महिमा का गुणगान किया गया। भजन गायक



कलाकार संदीप ग्रोवर ने गुरु वंदना, मां का आह्वान, गणेश वंदना के पश्चात फूलों की वर्षा कर देवी देवताओं का स्वागत किया। इसके बाद भजनों की माला में कई सुंदर भजन सुनाकर मां के भक्तों के भक्ति में चूर कर दिया। प्रात:काल तारा रानी की कथा के बाद मां की आरती हुई और प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर अभय गौड़, अंशु गौड़, आशीष गौड़, पूरन पांडे, नानू पांडे, कुलवंत सिंह जीना, लालजी सिंह, प्रभाकर सिंह, अजीत यादव, जगदंबा कौशिक, मोहित शर्मा, दीवान बिष्ट, राकेश कुमार, संतोष शर्मा, मनोज पांडे, सुरेंद्र सिंह, सुशील दुबे, नरेश बोरा, अनिल कुमार, राकेश कुमार, राधा देवी, सुमन गौड़, मुन्नी देवी, निशा गौड, ममता शर्मा, किरण कार्की, मनीषा उप्रेती, फूल कली, प्रभा देवी, आशा देवी, काजल कुमारी, महेश ठाकुर, सत्येंद्र यादव, अरुण चौहान, राजकिशोर भारद्वाज आदि मौजूद थे।



# रमपुरा काजी गुरुद्वारे में खोली जाएगी धार्मिक पुस्तकों की लाइब्रेरी

गदरपुर(उद संवाददाता)। सतगुरु की सेवा सफल है जे को करे चित् लाए गायन करने के साथ गुरुद्वारा साहिब का कार सेवा के माध्यम से संगत द्वारा काफी समय से रुका हुआ लेटर का कार्य संपूर्ण कर दिया गया। नजदीकी ग्राम रमपुरा काजी की संगत द्वारा गुरद्वारा की बिल्डिंग का 35 बाई 70 फुट का कार्य सभी ग्रामीण संगत द्वारा मिलजुल कर संपूर्ण किया गया। सेवादारों ने बताया कि लेंटर की सेवा के लिए गदरपुर, केलाखेड़ा, बाजपुर एवं अन्य क्षेत्र की संगत द्वारा सहयोग करते हुए बहुमूल्य सहयोग प्रदान करके सेवा भावना से सामान एवं धनराशि अर्पित की गई। इस दौरान सेवा करने के साथ-साथ गुरु का लंगर एवं चाय की सेवा लगातार जारी रही। कार



सेवा के दौरान उत्तराखंड सिख मिशन काशीपुर के प्रचारक हरजिंदर सिंघ द्वारा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों के साथ विचार विमर्श करके पंथ प्रमाणित सिख रहत मर्यादा लागू करने के साथ धार्मिक पंजाबी कक्षाएं लगाने के लिए विचार विमर्श किया गया।सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के इंचार्ज देवेंद्र सिंघ द्वारा पहुंचकर संगत का उत्साहवर्धन करते हुए गुरुद्वारा साहिब में धार्मिक पुस्तकों की लाइब्रेरी संचालित करने के लिए सुझाव दिए। इस मौके पर बुजुर्गों ने बताया कि भारत पाक बंटवारे के दौरान मेहनत मजदूरी करके ग्रामीणों द्वारा लगभग 75 वर्ष पूर्व गुरुद्वारा साहिब की स्थापना कच्चे भवन में की गई थी। बिल्डिंग पुरानी होने पर नई इमारत का निर्माण किया गया। संगत के सहयोग से हर वर्ष गुरुपर्व एवं अन्य त्यौहार मना कर संगत द्वारा गुरु की सेवा की जाती है। गांव के पांच युवक सेना में देश सेवा के लिए एवं चार-पांच सरकारी नौकरियों में सेवारत हैं।लगभग सभी परिवारों के बच्चे विभिन्न स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं। इस मौके पर ग्रंथी दीप सिंह,रणजीत सिंह ,भगत सिंह ,बलविंदर सिंह सहित तमाम श्रद्धालु कार सेवा में शामिल रहे।

# स्ट्रीट लाइट लगाने को पार्षदों ने मेयर को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम में शामिल नए पांच वार्डों में स्ट्रीट लाइट ना लगाये जाने से रोषित पांचो वार्ड के पार्षदों ने संयुक्त रूप से महापौर डॉक्टर जोगेंद्र सिंह रौतेला को उनके निवास स्थान पर पहुंचकर स्ट्रीट लाइट लगाये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सोपाऔर जल्दी पांचो वार्ड में स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अंधेरा होते ही असामाजिक तत्वों का जमावाड़ा क्षेत्र में लगना शुरू हो जाता है। स्ट्रीट लाइट ना लगने की वजह से आपराधिक वारदात बढ़ने का



खतरा भी बना रहता है। पार्षदों ने कहा कि नगर निगम द्वारा अक्टूबर माह तक स्ट्रीट लाइट लगाने की बात की गई थी मगर आज तक स्ट्रीट लाइट इन वार्डो को उपलब्ध नहीं कराई गई है। आक्रोशित पार्षदों ने कहा कि अगर जल्दी उनके वार्ड को स्ट्रीट लाइट उपलब्ध न कराई गई तो जनता को साथ लेकर आंदोलन छेड़ दिया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी नगर निगम की रहेगी। महापौर ने पार्षद को आश्वासन दिया कि बहुत जल्द ही वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगवा दी जाएगी। ज्ञापन देने वालों में पार्षद रईस अहमद गुड्डू वार्ड 59, पार्षद मनोज मठपाल पार्षद वार्ड 60, मनोज जोशी वार्ड 58, पार्षद दिनेश सिंह नेगी वार्ड 57 व पार्षद राजेंद्र सिंह नेगी उर्फ राजू नेगी वार्ड 56 शामिल थे।

# बढ़ता आवारा कुत्तों का आतंक

आवारा कुत्तों की संख्या में प्रतिदिन वृद्धि होती जा रही है जिससे डॉग-बाइट की समस्या भी बढ़ती जा रही है कभी भोपाल में बच्ची पर आवरा कुत्तों का हमला,सुबह मोर्निंग वॉंक के लिए निकले बाघ बकरी चाय कम्पनी के डायरेक्टर पराग देसाई की कुत्तों के अटैक से पत्थर पर गिरने से व ब्रेन हेमरेज होने से मत्यु,एक कोर्ट के एक वकील के हाथ पर हमला आदि खबरें सामने आ चुकी है। रेबीज से लगभग 95 प्रतिशत कुत्तों के काटने से मौते हो जाती है। लोमड़ी बिल्ली,बंदर,चमगादड़ आदि के काटने से भी रेबीज जन्य संक्रमण हो सकता है छोटे बच्चे,बुजुर्ग महिलाएं पुरुष ही अक्सर आवारा कुत्तो का शिकार बनते है सड़कों पर घूमते ,झुंड के झुंड आवारा कुत्ते किसी को भी अकेले पाकर धावा बोल देते हैं व चलती गाड़ियों के पीछे दौड़ना लोग उस समय अपने आप को असहाय पाते हैं व चोटिल हो जाते है घबराहट में आकर व बेबस हो इनका शिकार आसानी से बन जाते है।आईपीसी की धारा 428,429 में भी आवारा कुत्तों के साथ भी नम्रता के साथ पेश होने की बात करता है।आवारा कुत्तों की खिलाफत का कोई कानूनी अधिकार नही है।वरन इन कुत्तों को दंडित करने पर 2 साल की सजा का प्रावधान है।वास्तव में इन्हे निर्यंत्रित करने की जिम्मेदारी नगर निगम की है। इन्हे स्ट्रेलाडज करने ,बर्थ कंट्रोल की प्रक्रिया,वेक्सीनेशन कराना ,टेग करके आवारा कुत्तों से सुरक्षा की जिम्मेदारी नागरिकों को नगर निगम को प्रदान करने की होनी चाहिये। जिससे समस्त नागरिक स्वछंदता से विचरण कर सकें। कुत्ते काटने का दर्द अत्यन्त दु:खदायी व भय पैदा करने वाला व शरीर मे सिहरन पैदा करने वाला होता है। इसे पीडित व्यक्ति ही इसे समझ सकता है।जिस प्रकार से आवारा कुत्तों की संख्या मे बेतहाशा वृद्धि होती जा रही है उसके लिये नगर निगम को सक्रिय होने की व नागरिकों को जागरूकता व सजग होने की आवश्यकता है नही तो इनकी उत्तरोत्तर वृद्धि मानव-जीवन के लिये अत्यन्त धातक सिद्ध होगी। -नरेश छाबड़ा,रुद्रपुर

## पेज एक का शेष...

**नेपाल में भूकंप...**रमीडांडा में था इसलिए इस इलाके में ही सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। जाजरकोट में भूकंप की वजह से 92 लोगों की मौत हुई है जबकि रूकुम में 37 लोगों की जान चली गई। जिस समय भूकंप आया उस वक्त ज्यादातर लोग सोये हुए थे इसलिए जान माल की ज्यादा क्षति हुई। भूकंप से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल मेडिकल टीम के साथ जाजरकोट के पहुंचे। जाजरकोट में सबसे ज्यादा मौत हुई है। प्रधानमंत्री के प्रेस सलाहकार गोविंद आचार्य ने बताया कि दवाओं और स्वास्थ्य टीम के साथ पीएम भूकंप प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने निकले हैं। भूकंप रात में पहली बार 11:47 बजे आया था, जिसका केंद्र जाजरकोट जिले में था।भूकंप के तीव्र झटके आने के बाद कई घर अचानक ढह गए और सड़कों में दरार आ गई। भूकंप के झटकों को भारत में भी कई हिस्सों में महसूस किया गया। नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा कि भूकंप की तीव्रता 6.4 थी, लेकिन जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) ने बाद में तीव्रता 5.7 बताया है जबकि अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने इसकी तीव्रता 5.6 आंकी है। भारत के पीएम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल में भूकंप के कारण हुई जान-माल की हानि पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्वीट कर कहा, भारत नेपाल के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है और हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। हमारी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं और हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। बता दें कि नेपाल में इसस पहले साल 2015 में भीषण जलजला आया था और 8000 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। उस वक्त नेपाल में 7.8 और 8.1 तीव्रता का भूकंप आया था।

**आठ लाख की चरस...**वर्ष 2023 में अब तक 24 किलो 933 ग्राम चरस बरामद कर 5 अभियुक्तियों, 7 किलो 915 ग्राम अफीम बरामद कर 4 अभियुक्तों तथा 1 किलो 391 ग्राम स्मैक बरामद कर पांच अभियुक्तियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। एएनटीएफ कुमायूँ युनिट में निरीक्षक पावन स्वरूप, उ.नि. विपिन चंद्र जोशी, मुख्य आरक्षी मनमोहन सिंह, आरक्षी वीरेंद्र सिंह चौहान, जितेंद्र कुमार, पिथौरागढ़ टीम में उ.नि. भुवन चंद्र मासीवाल, उ.नि. हेमचंद तिवारी, हेकां. प्रदीप कन्याल, कां. आनंद खनका, गोविंद सिंह, सोनू कार्की व प्रेम सिंह शामिल थे।

**गृह कलेश के चलते...**सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैंप थानो निरीक्षक सुंदरम शर्मा पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मामले की जानकारी लेने के बाद सुनील को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक टैक्सी चालक था और तीन पहले ही घर लौटा था। उसकी दो पुत्रियां और एक पुत्र है। परिवार में पत्नी अमृता शर्मा के अलावा वृद्ध मां सुशीला शर्मा भी है। परिजनों का आरोप है कि पत्नी आये दिन क्लेश करती और कल भी दोनों के बीच क्लेश हुई। इधर मोहल्ले वालों का कहना है कि पत्नी का व्यवहार पति या परिवार के अन्य सदस्यों के साथ ठीक नहीं रहा है। आये दिन विवाद होता है। संभवतया इसी कारण सुनील ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जान दे दी।

**पुलिस से उलझ रहा..**उसको काफी मदद मिलती है। इसके बाद आरोपित से सख्ती के साथ पूछताछ की गई तो उसने कई अन्य जानकारी दी। पूछताछ करने के बाद पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ में जुटी है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

**घर से बाईक..**गये। धर्मवीर का कहना है जब हमारी आंख खुली तो देखा घर का सारा सामान बिखरा हुआ है और मोटर साईकिल भी गायब थी। जिसकी सूचना डायल 112 पर की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MANU GUPTA (पुराना नाम )से बदलकर MEENU GARG (नया नाम) कर लिया है। अत: मुझे भविष्य मुझे Meenu Garg (नया नाम)W/o Manish Kumar Garg के नाम से जाना पहचाना जाए।

वर्तमान पता- D1/D2 29 Adarsh Colony Rudrapur(Udham Singh Nagar) Uttarakhand-263153



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
DAIKIN
SONY
BOSCH
dyson
IFB
DELL
Haier
JBL
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
VOLTAS
SANSUI
गुरू माँ
महा इलेक्ट्रॉनिक उत्सव
सबसे कम दाम की गारंटी
सबसे ज्यादा 25% तक कैशबैक
अब इलैक्ट्रोनिक उपकरण
मात्र ₹990 से शुरू
HAIER FRONT LOAD WASHING MACHINE
की खरीद पर
JUICER MIXER GRINDER
FREE
HAIER 55" LED & ABOVE
की खरीद पर
WIRELESS VACUUM CLEANER
FREE
SONY 55" LED & ABOVE
की खरीद पर
VACUUM CLEANER
FREE
HAIER SIDE BY SIDE REFRIGERATOR
की खरीद पर
PORTABLE SPEAKER
FREE
SAMSUNG SIDE BY SIDE REFRIGERATOR
की खरीद पर
VACUUM CLEANER
FREE
CRAZY DEALS
घर लायें अपने पसंदीदा
SONY, SAMSUNG, HAIER
के इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स और
एक EMI पाएं बिलकुल मुफ्त*
*TERMS & CONDITIONS APPLY | PRODUCT IMAGES SHOWN ARE FOR REPRESENTATION PURPOSE ACTUAL PRODUCT IMAGES MAY VARY
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाँए
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
गुरू माँ
EASY EMI
OPTION AVAILABLE
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्सरिटेल चेन
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338 , Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007 Pilikothi +91-8923468434 Pilikothi +91-9690256666 HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146 GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999 KICHHA- Kichha +91-7017595920 LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000